अखण्ड त्रिक ज्ञ ज्योतिष
[ सहायक भृगुसंहिता ]
लेखक
भगवानदास मित्तल
देहाती पुस्तक भण्डार

श्री गणेशाय नमः

# अखण्ड त्रिकालज्ञ ज्योतिष

(सहायक भृगुसंहिता पद्धति)

अर्थात्

## ज्योतिष शास्त्र

लेखक :
**भगवानदास मित्तल**
नया बाजार, मथुरा (यू० पी०)

प्रकाशक—
**देहाती पुस्तक भण्डार**
**चावड़ी बाजार, देहली-६**

दूसरी बार ] १९६३ [ मूल्य ४॥)
चार रुपये पचास नये पैसे

प्रकाशक
देहाती पुस्तक भण्डार,
चावड़ी बाजार, दिल्ली-६



मुद्रक
आर० के० प्रिंटर्स,
कमला नगर, दिल्ली-६

## समर्पण

हे पूर्ण ब्रह्म परमेश्वर जगत्पिता, आपकी महान् सत्ता को बारम्बार नमस्कार करते हुए यह पुस्तक पुष्प, आपकी सेवा में सादर सप्रेम भेंट करता हूँ।

—भगवान दास मित्तल

## पुस्तक परिचय

जेयतिष प्रेमो पाठकगण ! या पण्डित समाज, एवं सर्वसाधारण, सभी मनुष्यों की उत्कट इच्छा प्रायः भूत, भविष्य, वर्तमान के समय का ज्ञान प्राप्त करने की ही हुआ करती है। इस प्रकरण में अधिकांश ज्योतिषी पण्डित गण केवल विंशोत्तरी दशा व अन्तर दशाओं के आधार पर ही अपना भूत, भविष्य और वर्तमान का फलादेश निर्धारित किया करते हैं। किन्तु ग्रहों की दैनिक आकाश गति पर ध्यान नहीं देते हैं, जिसके फलस्वरूप, भूत,भविष्य और वर्तमान का हिसाब ठीक न बैठने के कारण से ही जनता को, ज्योतिष पर एवं ज्योतिषियों पर श्रद्धा कम होती चली जा रही है, अतः केवल इसी भारी कमी को दूर करने के लिए इस पुस्तक की रचना की गई है और इस पुस्तक का दृष्टिकोण, जोकि एक लम्बे समय के अनुभव सिद्ध योगों से प्राप्त हुआ है, यही है कि, पंचांग की ग्रह गोचर प्रणाली से इन नवग्रहों का जब कभी एक राशि से दूसरी राशी में स्थान परिवर्तन होता है और जितने-जितने समय तक जो-जो ग्रह जिस-जिस राशि में ठहरता है, उतने-उतने समय में यह सभी नवग्रह बारह लग्नों के अन्तर्गत (जिसमें कि सारे संसार का जन्म होता है) किस-किस लग्न वाले व्यक्तियों को क्या-क्या फल प्रदान करते हैं और कौन-कौन से समय में किस-किस लग्न वाले व्यक्तियों का भाग्योदय, विविध प्रकार से किस-किस तरह से होता रहता है। इन नवग्रहों की गोचर गति अर्थात् जनरल चाल का प्रत्यक्ष असर एक-एक दिन तक का मालूम होता रहता है और कोई दूसरा इतना चमत्कारिक व सरल साधन विंशोत्तरी दशाओं से प्राप्त ही नहीं है कि जिसमें बगैर गणित का सहारा लिए हुए ही इतना प्रत्यक्ष फलादेश मालूम किया जा सके।

+ जिस-जिस समय में जौन-जौन-सा ग्रह अस्त या वक्री होगा उस-उस समय में उन-उन ग्रहों का पूरा-पूरा असर प्राप्त नहीं होता है और जन्म लग्न गलत होने पर फलादेश सही नहीं मिल सकता।

# फलादेश की कुछ जानने योग्य विशेष बातें

पंचांग के अन्दर जिस-जिस प्रकार इन नवग्रहों की एक-एक राशि में प्रायः ठहरने की जो निश्चत अवधि बनी हुई है वह निम्न प्रकार है :

सू०—एक राशि में एक मास ठहरते हैं।
चं०—एक राशि में २।। दिन ठहरते हैं।
मं०—एक राशि में डेढ़ मास ठहरते हैं।
बु०—एक राशि में पौन मास ठहरते हैं।
गु०—एक राशि में १३ मास ठहरते हैं।
शु०—एक राशि में पौन मास ठहरते हैं।
श०—एक राशि में २।। साल ठहरते हैं।
रा०—एक राशि में १।। साल ठहरते हैं।
के०—एक राशि में १।। साल ठहरते हैं।

किन्तु केवल सू०, चं०, रा०, के० को छोड़कर बाकी के पांचों ग्रह अक्सर कभी-कभी वक्री मार्गी, अतिचार हो जाया करते हैं जिसके कारण ये पाँचों अपनी-अपनी सीमित अवधि समय को एक साथ लगातार भोगकर कुछ आगे-पीछे भी भोग लिया करते हैं। इसका स्पष्टीकरण सदैव पंचांग से ही मालूम किया जाता है कि कौन-कौन ग्रह किस-किस समय तक कौन-कौन राशि में भ्रमण करेगा और हमारी इस पुस्तक की फलादेश शैली के आधार से वह नवग्रह किस-किस प्रकार का फल कौन-कौन से समय में किस-किस स्थान वाले को कैसा-कैसा देते रहेंगे।

## गलत कुण्डली संशय सुधार

प्रायः लोगों की जन्म कुण्डलियाँ गलत बन जाती हैं। इससे भी फलादेश लोगों का सही नहीं बैठता है। इसलिए इसका स्पष्टीकरण कर देना भी आवश्यक है। अस्तु जिस समय माता के गर्भ से बच्चे के जन्म का समय आता है उस समय निम्न

प्रकार की नीचे लिखी बातों में से ही कोई कारण से जन्म कुण्डली गलत बन जाया करती है—

१. घड़ियों की गड़बड़ व सूर्य घड़ी और लोकल घड़ी के सपय के अन्तर का ध्यान करना।
२. स्त्रियों की असावधानता से ठीक ममय का ज्ञान न होना।
३. बच्चे का गर्भ से प्रथम खिसकने का समय भी उसकी जन्म यात्रा का मुहूर्त्त है।
४. बच्चे का गर्भ से बाहर प्रथम दिखाई देने का समय भी मुख्य है।
५. बच्चे का पूर्णरूपेण बाहर निकल आने का समय भी मुख्य है।
६. वच्चे का बाहर निकल कर प्रथम स्थान से निवृत्ति होने का समय भी मुख्य है।

इन्हीं सब कारणों से प्रायः मनुष्यों की जन्म कुण्डलियाँ अशुद्ध वन जाया करती हैं। इसलिए इसका ठीक-ठीक स्पष्टीकरण ग्रहों के फलादेश से ही मनुष्य के जीवन को मिलान करना उचित है। इसलिए जिस मनुष्य की जन्म-लग्न गलत प्रतीत हो उसके लिए ऐसा करना उचित होगा कि मौजूदा जन्म-लग्न से पहले की एक लग्न जो कुछ समय ही पूर्व निकल गई हो उसे बना ले और मौजूदा जन्म-लग्न से एक लग्न जो आगे आने वाली है उसे बना ले। फिर तीनों कुण्डलियों में से उसकी जीवनी को मिलाकर देखे। इस प्रकार से यदि घण्टे के हेर-फेर से जो लग्न गलत बनी हुई होगी तो उसका फलादेश मिला कर देखने से लग्न बिलकुल सही हो जायेगी, जिसका फलादेशीय निर्णय पूर्णरूपेण हमारी भृगु संहिता पद्धति से ठीक-ठीक हर एक आदमी मालूम कर सकता है।

प्रत्येक मनुष्य की जन्म कुण्डलियों के इन बारह घरों में कौन-कौन से स्थान से क्या-क्या बातें देखी जाती हैं और इन बारह घरों की वस्तुओं का कौन-कौन से समय में किस-किस लग्न वाले व्यक्तियों को क्या-क्या फल जीवन भर मिलता रहेगा, इसी का फलित स्पष्टीकरण इस पुस्तक में बड़े सरल ढंग से अलग-अलग भावों में किया गया है।*

* आगे की भाग्योदय वाली कुण्डलियों के अन्तर्गत, पूर्ण भाग्योदय काल का समय तब ही समझना चाहिए, जबकि सभी ग्रह एक ही समय में उस कुण्डली के अनुसार मौजूद हों।

**खास नोट**—जन्म-लग्न से छठे और आठवें तथा बारहवें स्थानों के स्वामी ग्रह तथा छठे, आठवें, बारहवें स्थानों में आये हुए ग्रह तथा नीच राशि में आये हुए ग्रह यह सभी सदैव कष्टदायक सिद्ध होते हैं।

## फलादेश जानने के नम्बर

### मेष लग्न

इस प्रकार की मेष लग्न वाले प्राणियों को अपने जीवन के भाग्योदय आदि प्रत्येक समय की जानकारी करने के लिए फलादेश नं. १ से लेकर २५ तक के फारमूलों में देखना चाहिए।

### वृषभ लग्न

इस प्रकार की वृषभ लग्न वाले प्राणियों को अपने जीवन के भाग्योदय आदि प्रत्येक समय की जानकारी करने के लिए फलादेश नं० २६ से लेकर ५० तक के फारमूलों में देखना चाहिये।

### मिथुन लग्न

इस प्रकार की मिथुन लग्न वाले प्राणियों को अपने जीवन के भाग्योदय आदि प्रत्येक समय की जानकारी करने के लिए फलादेश नं० ५१ से लेकर ७५ तक के फारमूलों में देखना चाहिये।

## कर्क लग्न

इस प्रकार की कर्क लग्न वाले प्राणियों को अपने जीवन के भाग्योदय आदि प्रत्येक समय की जानकारी करने के लिए फलादेश नं० ७६ से लेकर १०० तक के फारमूलों में देखना चाहिये।

## सिंह लग्न

इस प्रकार की सिंह लग्न वाले प्राणियों को अपने जीवन में भाग्योदय आदि प्रत्येक समय की जानकारी करने के लिए फलादेश नं० १०१ से लेकर १२५ तक के फारमूलों में देखना चाहिये।

## कन्या लग्न

इस प्रकार की कन्या लग्न वाले प्राणियों को अपने जीवन के भाग्योदय आदि प्रत्येक समय की जानकारी करने के लिये फलादेश नं० १२६ से लेकर १५० तक के फारमूलों में देखना चाहिए।

### तुला लग्न

इस प्रकार की तुला लग्न वाले प्राणियों को अपने जीवन के भाग्योदय आदि प्रत्येक समय की जानकारी करने के लिये फलादेश नं० १५१ से लेकर १७५ तक के फारमूलों में देखना चाहिए।

### वृश्चिक लग्न

इस प्रकार की वृश्चिक लग्न वाले प्राणियों को अपने जीवन के भाग्योदय आदि प्रत्येक समय की जानकारी करने के लिए फलादेश नं० १७६ से लेकर २०० तक के फारमूलों में देखना चाहिए।

### धन लग्न

इस प्रकार की धन लग्न वाले प्राणियों को अपने जीवन के भाग्योदय आदि प्रत्येक समय की जानकारी करने के लिए फलादेश नं० २०१ से लेकर २२५ तक के फारमूलों में देखना चाहिए।

## मकर लग्न

इस प्रकार की मकर लग्न वाले प्राणियों को अपने जीवन के भाग्योदय आदि प्रत्येक समय की जानकारी करने के लिए फलादेश नं० २२६ से लेकर २५० तक के फारमूलों में देखना चाहिए।

## कुम्भ लग्न

इस प्रकार की कुम्भ लग्न वाले प्राणियों को अपने जीवन के भाग्योदय आदि प्रत्येक समय की जानकारी करने के लिए फलादेश नं० २५१ से लेकर २७५ तक के फारमूलों में देखना चाहिए।

## मीन लग्न

इस प्रकार की मीन लग्न वाले प्राणियों को अपने जीवन के भाग्योदय आदि प्रत्येक समय की जानकारी करने के लिए फलादेश नं० २७६ से लेकर ३०० तक के फारमूलों में देखना चाहिए।

**आवश्यक नोट**—आगे की फलादेशीय फारमूलों वाली ३०० कुण्डलियों में जोकि बगैर ग्रहों वाली हैं, उनके अन्दर एक-एक निशान क्रॉस × का लगा हुआ है। उसका भाव यह है कि इस क्रॉस वाले स्थान पर ग्रहों की स्थिति का फलित वर्णन किया है अर्थात् अमुक-अमुक राशि पर जब ग्रहों की चाल आवेगी तब-तब वह इस क्रॉस वाले कोष्टिक में ही स्थित रह कर अपना-अपना फल प्रदान करेंगे।

## मेष लगनान्तर-भाग्योदय, कारक, नवग्रह व समय

मेष लग्न नं० १

जिस समय मेष लग्न वाले प्राणियों को ऊपर स्थित कुण्डली के अनुसार यह नव ग्रह पंचांग गति की गोचर प्रणाली से जब-जब

कभी एक ही समय में प्रायः यह ग्रह सभी इस-इस प्रकार की राशियों में आवेंगे, तब-तब ही मेष लग्न वाले प्राणियों का भाग्योदय विविध प्रकार से होता रहेगा।

सू०—मेष, मिथुन, कर्क, सिंह, धन, कुम्भ राशियों पर।

च०—मेष, बृष, मिथुन, कर्क, सिंह, तुला, धन, मकर, कुम्भ राशियों पर।

मं०—मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, तुला, धन, मकर, कुम्भ राशियों पर।

बु०—मिथुन, कन्या, कुम्भ राशियों पर।

गु०—मेष, मिथुन, कर्क, सिंह, तुला, धन, कुम्भ राशियों पर

शु०—मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, तुला, धन, मकर, कुम्भ राशियों पर।

श०—वृष, मिथुन, सिंह, तुला, धन, मकर, कुम्भ राशियों पर।

रा०—मिथुन, कन्या, मीन राशियों पर।

के०—कन्या, धन, मीन राशियों पर।

अर्थात् जिस-जिस साल मास, पक्ष व दिनों में यह नवग्रह उपरोक्त २ राशियों में एक ही समय में जब २ भी आयेंगे तब २ भाग्यकारक व लाभकारक सिद्ध होंगे, किन्तु कोई भी ग्रह उस समय सूर्य से अस्त नहीं होना चाहिए और यदि ऊपर लिखी स्थिति के अनुसार ही कहीं कोई ग्रह जन्म कुण्डली में भी इसी प्रकार के बैठे होंगे तब तो बहुत ही सुन्दर फल प्रदान करने वाले ग्रह समझे जायेंगे।

**मेष लगनान्तर अनुकूल ग्रह फलम**

**मेष लग्न फलादेश नं० २**

जिस समय में, मेष राशि पर सूर्य, शुक्र, गुरु, मंगल, चन्द्र, इन पांच ग्रहों में से जब २ कभी कोई ग्रहों आवेंगे तब २ देह को मान-सम्मान व प्रभुत्व और उन्नति प्राप्त कराते हैं। और यदि मंगल-देव, मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, तुला, धन, मकर, कुम्भ इन आठ राशियों पर जब २ कभी आवेंगे तब २ कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

**मेष लग्न फलादेश नं० ३**

जिस समय में वृषभ राशि पर शुक्र, शनि, चन्द्र, गुरु इन चार ग्रहों में से जब२ कभी कोई आवेगा तब-तब धन, स्थान की वृद्धि तथा कौटुम्बिक शक्ति का विकास पैदा करते हैं। और यदि शुक्रदेव वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, तुला, धन, मकर, कुम्भ, मेष, इन नौ स्थानों पर भी जब २ कभी आवेंगे तब २ भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषय फल भी प्रदान करते हैं।

**मेष लग्न फलादेश नं० ४**

जिस समय में मिथुन राषि पर शुक्र शनि चन्द्र सूर्य गुरु बुद्ध मंगल राहू इन आठ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तभी २ बाहुबल के कार्य और प्रभाव से लाभ व उन्नति की प्राप्ति करते हैं तथा बहन-भाइयों के स्थान में भी प्रभाव व शक्ति पैदा करते हैं। और यदि बुद्धदेव, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, धन, मकर, कुम्भ, मेष इन नौ राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

**मेष लग्न फलादेश नं० ५**

जिस समय में कक राशि पर चन्द्र, सूर्य, शुक्र, गुरु, शनि इन पाँच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे तब-तब मातृ स्थान में शक्ति का संचार व सुख सम्बन्धी मामलों में वृद्धि का योग एवं भूमि आदि का सुख लाभ पैदा करते हैं। और यदि चन्द्रदेव, कर्क, सिंह, तुला, धन, मकर, कुम्भ, मेष, वृष, मिथुन इन नौ राशियों पर भी जब-जब कभी आयेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

**मेष लग्न फलादेश नं० ६**

जिस समय में सिंह राशि पर सूर्य, चन्द्र, गुरु, शुक्र, शनि इन पाँच ग्रहों में से जब कभी कोई ग्रह आयेंगे तब-तब संतान पक्ष में शक्ति का उदय, विद्या तथा ज्ञान की वृद्धि और वाणी का विकास पैदा करते हैं और मंगल तथा बुद्ध दोनों भा जब सिंह, धन, मकर, कुम्भ, मेष, मिथुन, कर्क इन सात राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

**मेष लग्न फलादेश नं० ७**

जिस समय में कन्या राशि पर बुद्ध, शनि, सूर्य, मंगल, गुरु, राहू, केतू इन सातों ग्रहों में से कोई जब-जब ग्रह आवेंगे तब-तब कुछ दिक्कतों के योग से प्रभाव की वृद्धि, शत्रु का दमन तथा 'दिक्कतों पर विजय प्राप्त करते हैं और यदि बुद्धदेव. कन्या, तुला, धन, मकर, कुम्भ, मेष, मिथुन, कर्क, सिंह इन नौ राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

मेष लग्न फलादेश नं० ८

जिस समय में तुला राशि पर शुक्र, शनि, चन्द्र, गुरु इन चारों ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे तब-तब दैनिक रोजगार की लाइन में फायदा और उन्नति तथा स्त्री स्थान में सुख भोग की व मान की प्राप्ति पैदा करते हैं। और यदि शुक्रदेव तुला, धन, मकर, कुम्भ, मेष, मिथुन, कर्क, सिंह इन आठ राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

मेष लग्न फलादेश नं० ९

जिस समय में वृश्चिक राशि पर मंगल, शुक्र, शनि, गुरु, सूर्य, इन पाँच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे, तब-तब कुछ दिक्कतों के साथ किसी पुरातत्व लाइन से लाभ की सूरत तथा जीवन व्यतीत करने के कुछ मजबूत व सहायक साधन पैदा करते हैं। और यदि मंगलदेव, वृश्चिक, धन, कुम्भ, मेष, वृष, मिथुन, सिंह, तुला इन नौ राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त फल भी प्रदान करते हैं।

**मेष लग्न फलादेश नं० १०**

जिस समय में धन राशि पर शुक्र, शनी, चन्द्र, सूर्य, गुरु इन पाँच ग्रहों में से जब २ कोई आयेंगे तब-तब भाग्य स्थान की उन्नति व धर्म और यश की प्राप्ति करते हैं। और यदि मंगल, बुद्ध, केतू इन तीनों में से कोई भी ग्रह धन राशी पर आयें या गुरुदेव, धन, कुम्भ, मेष, मिथुन, कर्क, सिंह, तुला इन सात राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

**मेष लग्न फलादेश नं० ११**

जिस समय में मकर राशि पर शनि, शुक्र, मंगल, चन्द्र इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे तब-तब राज, समाज व कारोबार एवं पिता स्थान सम्बन्धी व मान प्रतिष्ठा सम्बन्धी उन्नतिदायक मार्ग में उत्तम कर्म के द्वारा सफलता पैदा करते हैं। और यदि सूर्य या बुद्ध इन दोनों में से कोई भी मकर राशि पर आवें या शनिदेव, मकर, कुम्भ, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, तुला, धन इन आठ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अति-रिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

मेष लग्न फलादेश नं० १२

जिस समय में कुम्भ राशि पर शनि, शुक्र, मंगल, चन्द्र, सूर्य, बुद्ध, गुरु, राहू, केतू इन नौ ग्रहों में से कोई भी जब-जब कभी आयेंगे तब-तब आमदनी की वृद्धि और आवश्यकताओं की विविध रूप से पूर्त्ति करते हैं। और यदि शनिदेव, कुम्भ, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, तुला, धन, मकर इन आठ राशियों पर जब-जब आयेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

मेष लग्न फलादेश नं० १३

जिस समय में मीन राशि पर गुरु, शनी, चन्द्र, शुक्र, सूर्य इन पाँच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे तब-तब खर्च की अधिकता की शक्ति और बाहरी स्थानों से अच्छा लाभप्रद संपर्क पैदा करते हैं और यदि गुरुदेव, मीन, मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, तुला, धन, कुम्भ इन नौ राशियों में से जब-जब कभी आयेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

## मेष लगनान्तर प्रतिकूल ग्रह फलम्

**मेष लग्न फलादेश नं० १४**

जिस समय में मेष राशि पर शनि, बुद्ध, राहू, केतू, इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई भी आयेंगे तब देह को परेशानी व परिश्रम का योग पैदा करते हैं। और यदि मंगलदेव, वृष, कर्क, मीन, कन्या, वृश्चिक इन पाँचों राशियों पर जब-जब कभी कोई आयेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपर्युक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

**मेष लग्न फलादेश नं० १५**

जिस समय में वृष राशि पर मंगल, बुद्ध, राहू, केतू इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे तब-तब धन स्थान में कुछ हानि, कुछ परेशानी और कुछ कौटुम्बिक अशांति का योग बनाते हैं। और यदि शुक्रदेव, कन्या, वृश्चिक, मीन, इन राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे तब-तब कुछ विषयों के अतिरिक्त उपर्युक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

मेष लग्न फलादेश नं० १६

जिस समय में मिथुन राशि पर केतू जब-जब कभी आयेंगे तब-तब बहन-भाई के स्थान में परेशानी, बाहुबल के कामों में थकान पैदा करते हैं और यदि बुद्धदेव, वृश्चिक, मीन, वृषभ इन तीन राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

मेष लग्न फलादेश नं० १७

जिस समय में कर्क राशि पर राहू, केतू, मंगल, बुद्ध इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे तब-तब मातृ स्थान में कुछ परेशानी व सुख सम्बन्धी मामलों में व जमीन, जायदाद सम्बन्धी मामलों में कुछ परेशानी पैदा करते हैं। और यदि चन्द्रदेव, कन्या, वृश्चिक, मीन इन तीन राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

मेष लग्न फलादेश नं० १८

जिस समय में सिंह राशि पर राहू या केतू, दोनों में से कोई भी जब-जब कभी आयेंगे, तब-तब संतान पक्ष में क्लेश और दिमाग में अशान्ति पैदा करते हैं। और यदि सूर्यदेव, कन्या, तुला, वृश्चिक, मीन, धन इन पाँच राशियों में जब-जब कभी आयेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त, उपर्युक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

मेष लग्न फलादेश नं० १९

जिस समय में कन्या राशि पर शुक्र, चन्द्र दोनों में से कोई भी जब-जब कभी आयेंगे, तब-तब शत्रु पक्ष से या कुछ दिक्कतों से अशांति पैदा करते हैं। और यदि बुद्धदेव, वृश्चिक, मीन, वृष इन राशियों में जब कभी आयेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

मेष लग्न फलादेश नं० २०

जिस समय तुला राशि पर सूर्य, मंगल, बुद्ध, राहु, केतू इन पाँच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे तब-तब स्त्री स्थान में कुछ अशान्ति व दैनिक रोजगार की लाइन में कुछ परेशानी पैदा करते हैं और यदि शुक्रदेव, कन्या, वृश्चिक, मीन, वृष इन चार राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

मेष लग्न फलादेश नं० २१

जिस समय में वृश्चिक राशि पर चन्द्रमा, बुद्ध, राहु, केतू इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे तब-तब किसी पुरातत्व वस्तु की हानि व उदर विकार और जीवन को अशान्ति व धक्का पहुँचता है। और यदि मंगलदेव, मीन, कर्क, वृषभ इन तीन राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे, तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

जिस समय में धनराशि पर राहु जब-जब कभी आयेंगे तब-तब भाग्य और धर्म की हानि तथा यश और बरकत की कमी पैदा करते हैं और यदि गुरुदेव, मकर, मीन, वृष, कन्या, वृश्चिक इन पाँच राशियों में जब-जब कभी आयेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

मेष लग्न फलादेश नं० २२

जिस समय में मकर राशि पर गुरु, राहु, केतू इन तीन ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयें, तब-तब पिता के स्थान, सम्बन्ध में तथा राज, समाज व कारोबार के सम्बन्ध में कुछ परेशानी व दिक्कतें पैदा करते हैं और यदि शनिदेव, मीन, मेष, कन्या वृश्चिक इन चार राशियों में भी जब-जब कभी आयेंगे तब-तब भी कुज अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

मेष लग्न फलादेश न० २३

मेष लग्न फलादेश नं० २४

जिस समय में कुम्भ राशि पर केतू या बुद्ध, दोनों में से कोई भी ग्रह जब-जब कभी आयेंगे, तब-तब आमदनी के स्थान में कुछ परिश्रम का योग पैदा करते हैं और यदि शनिदेव मीन, मेष, कन्या, वृश्चिक, इन चार राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे, तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

मेष लग्न फलादेश नं० २५

जिस समय में मीन राशि पर बुद्ध, मंगल, राहू, केतू इन चार ग्रहों में से जब जब कभी कोई आयेंगे, तब-तब खर्च के स्थान में परेशानी तथा बाहरी दूसरे स्थानों के सम्बन्ध में कुछ दिक्कतें पैदा करते हैं और यदि गुरुदेव, कन्या, वृश्चिक, मकर इन तीन राशियों में जब-जब कभी आयेंगे, तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

# वृष लगनान्तर भाग्योदय कारक, नवग्रह व समय फल

## वृष लग्न फलादेश नम्बर २६

जिस समय में वृष लग्न वाले प्राणियों को ऊपर स्थित कुण्डली के अनुसार यह नवग्रह पंचांग गति की गोचर प्रणाली से जब-जब कभी एक ही समय में प्रायः सभी ग्रह इस प्रकार की राशियों में आवेंगे तब-तब ही वृष लग्न वाले प्राणियों का भाग्योदय व लाभ विविध प्रकार से होता रहेगा। यानी—

सू०—वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, वृश्चिक, कुम्भ, मीन इन-इन राशियों पर कहीं भी हों।

चं०—वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, मकर, कुम्भ, मीन इन-इन राशियों पर कहीं भी हों।

मं०—सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन, इन-इन राशियों पर कहीं भी हों।

बु०—वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, वृश्चिक, मकर इन-इन राशियों पर कहीं भी हों।

गु०—कर्क, सिंह, वृश्चिक, मीन राशियों पर कहीं भी हों।

शु०—वृष, मिथुन, कर्क, वृश्चिक, मकर, कुम्भ, मीन इन-इन राशियों पर कहीं भी हों।

श०—वृष, मिथुन, कर्क, कन्या, तुला, वृश्चिक, मकर, कुम्भ, मीन इन-इन राशियों पर कहीं भी हों।

रा०—मिथुन, तुला, मीन, मेष इन-इन राशियों पर कहीं भी हों।

के०—तुला, धन, मीन, मेष इन-इन राशियों पर कहीं भी हों।

अर्थात्—जिस-जिस साल, मास, पक्ष व दिनों में यह नवग्रह उपरोक्त-उपरोक्त राशियों में एक ही समय में जब-जब आयेंगे तब ही भाग्यकारक व लाभकारक सिद्ध होते हैं किन्तु कोई भी ग्रह सूर्य से अस्त नहीं होना चाहिये।

## वृष लगनान्तर अनुकूल ग्रह फलम

वृष लग्न फलादेश नं० २७

जिस समय में वृष राशि पर शुक्र, बुद्ध, चन्द्र, सूर्य, शनि इन पाँच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे, तब-तब देह को मान व प्रभाव और लाभ सुख की प्राप्ति करते हैं। और यदि गुरु वृषभ, राशि पर आये या शुक्रदेव, मिथुन, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, कुम्भ, मीन, वृष इन आठ राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे, तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

वृष लग्न फलादेश नं० २८

जिस समय में मिथुन राशि पर बुद्ध, शुक्र, चन्द्र, शनि, सूर्य, राहू इन छः ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे, तब-तब धन स्थान की वृद्धि तथा कौटुम्बिक विकास पैदा करते हैं। और यदि गुरुदेव, मिथुन पर आये या बुद्ध-देव मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ, वृष इन आठ राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

**वृष लग्न फलादेश नं० २६**

जिस समय में कर्क राशि पर चन्द्र, सूय, बुद्ध, शनि, गुरु इन पाँच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे, तब-तब भाई बहन के स्थान में, बाहुबल सम्बन्धी कार्यों में सफलता पैदा करते हैं। और यदि शुक्रदेव कर्क राशि पर जब-जब कभी आवे या चन्द्रदेव, कर्क, सिंह, कन्या, मकर, कुम्भ, मीन, वृष इन सात राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे, तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

**वृष लग्न फलदेश नं० ३०**

जिस समय में सिंह राश पर सूर्य, बुद्ध, चन्द्र, शनि इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे तब-तब मातृ स्थान सम्बन्धी, भूमि स्थान संबंधी एवं सुख संबंधी मामलों में लाभ का योग पैदा करते हैं। और यदि शुक्र, गुरु, मंगल इन तीनों में से कोई भी जब-जब सिंह राशि पर आयें या सूर्यदेव कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ, मीन, मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह इन दस राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे, तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

जिस समय में कन्या राशि पर बुद्ध, सूर्य, चन्द्र, शनि, गुरु, इन पांच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे तब-तब सन्तान पक्ष में शक्ति का विकास तथा विद्या और ज्ञान की वृद्धि एवं वाणी की कला पैदा करते हैं। और यदि बुद्धदेव कन्या, वृश्चिक मकर, कुम्भ, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह इन आठ राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे, तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपयोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

वृष लग्न फलादेश नं० ३१

जिस समय में तुला राशि पर शुक्र, शनि, गुरु, चन्द्र, बुद्ध, इन पांच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे तब-तब कुछ दिक्कतों द्वारा शत्रु पक्ष से परिश्रम के योग से लाभ करते हैं और ननसाल पक्ष में प्रभाव पैदा करते हैं। यदि राहू या केतु, तुला राशि पर आयें तो ननसाल पक्ष की अच्छाई को छोड़ कर, शत्रु पक्ष में व दिक्कतों में विजय प्रदान करते हैं और यदि शुक्रदेव, तुला, वृश्चिक, मकर, कुम्भ, मीन, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह इन नौ राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

वृष लग्न फलादेश नं० ३२

वृष लग्न फलादेश नं० ३३

जिस समय में कन्या राशि पर शनि, बुद्ध, सूर्य इन तीन ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे तब-तब स्त्री स्थान में व दैनिक रोजगार की लाइन में तरक्की, उल्लास, लाभ और यश पैदा करते हैं और यदि गुरु या शुक्र दोनों में से कोई आयेंगे तो कुछ प्रपंच व परेशानी के योग से स्त्री व दैनिक रोजगार के स्थान में लाभ पैदा करते हैं और यदि मंगलदेव, वृश्चिक, मकर, कुम्भ, मीन, मेष, वृष, सिंह, कन्या इन राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

वृष लग्न फलादेश नं० ३४

जिस समय में धन राशि पर सूर्य, शनि बुद्ध, चन्द्र, शुक्र, गुरु, केतू, इन सात ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे तब-तब कुछ परेशानियों के साथ किसी पुरातत्व वस्तु के लाभ की योजना बनाते हैं और यदि गुरुदेव, धन, कुम्भ, मीन, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, वृश्चिक इन नौ राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

वृष लग्न फलादेश नं० ३५

जिस समय में मकर राशि पर शनि, शुक्र, बुद्ध, चन्द्र, सूर्य, मंगल इन छः ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब भाग्य स्थान की उन्नति, धर्म में श्रद्धा और दैवि-योग के लाभ की शक्ति पैदा करते हैं और यदि शनिदेव, मकर, कुम्भ, मीन, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक इन दस राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

वृष लग्न फलादेश नं० ३६

जिस समय में कुम्भ राशि पर शनि, शुक्र, बुद्ध, चन्द्र, सूर्य, इन पाँच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे, तब-तब राज-समाज में मान-प्रतिष्ठा व कारोबार में सफलता तथा पिता स्थान में प्रभाव पैदा करते हैं और यदि शनिदेव, कुम्भ, मीन, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, मकर, इन दस राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे, तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त, उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

वृष लग्न फलादेश नं० ३७

जिस समय में मीन राशि पर शुक्र, शनी, सूर्य, चन्द्र, गूरू इन पाँच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे, तब-तब द्रव्य प्राप्ति के अच्छे साधन व अन्य आवश्यक पदार्थों का लाभ पैदा करते हैं और यदि गुरुदेव, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, वृश्चिक, इन छः राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे या, मंगल, राहू, केतू, मीन पर आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त, उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

वृष लग्न फलादेश नं० ३८

जिस समय में मेष राशि पर गुरु, शुक्र, सूर्य, बुद्ध, मंगल, चन्द्र इन छः ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब खर्च की शक्ति तथा बाहरी दूसरे स्थानों का अच्छा संबन्ध योग पैदा करते हैं और यदि मंगल देव, वृष, मिथुन, सिंह, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ, मीन, इन आठ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे, तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त, उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

## वृष लग्नान्तर प्रतिकूल ग्रह फलम

वृष लग्न फलादेश नं० ३९

जिस समय में वृष राशि पर मंगल, गुरु, राहू इन तीन ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे, तब-तब देह में कुछ परेशानी व थकान और कुछ कमजोरी पैदा करते हैं। और यदि शुक्रदेव, मिथुन, कन्या, धन, मेष इन चार राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

वृष लग्न फलादेश नं० ४०

जिस समय में मिथुन राशि पर केतू या मंगल इन दोनों ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब धन स्थान की व कुटुम्ब स्थान की कुछ हानि व चिंता पैदा करते हैं और यदि बुद्धदेव, तुला, धन, मीन, मेष इन चार राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

वृष लग्न फलादेश न० ४१

जिस समय में कर्क राशि पर मंगल, राहू, केतू इन तीन ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब भाई-बहनों के स्थान में परेशानी, बाहुबल के कार्यों में थकान व कुछ फिकर बनाते हैं और यदि चन्द्र देव, तुला, वृश्चिक, धन, मेष इन चार राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे, तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

वृष लग्न फलादेश न० ४२

जिस समय में सिंह राशि पर मंगल, गुरु, राहू, केतू, इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब मातृ स्थान में व सुख-शान्ति प्राप्ति के सम्बन्ध में कुछ कमी व फिकर पैदा करते हैं और यदि सूर्यदेव, तुला या धन इन दो राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे, तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

जिस समय में कन्या राशि पर शुक्र, मंगल, राहू, केतू इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब दिमाग में कुछ चिंता व संतान पक्ष में कुछ फिकर व परेशानी तथा ज्ञान और विवेक में कुछ उथल-पुथल पैदा करते हैं, और यदि बुद्धदेव, तुला, धन, मीन, मेष इन चार राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे, तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

वृष लग्न फलादेश नं० ४३

जिस समय में तुला राशि पर सूर्य, मंगल, राहू, केतू इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब ननसाल पक्ष में कुछ कमी व शत्रुपक्ष में कुछ मामूली फिकर पैदा करते हैं और यदि शुक्रदेव, धन, मेष, कन्या इन तीन राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

वृष लग्न फलादेश नं० ४४

वृष लग्न फलादश न० ४५

जिस समय में वृश्चिक राशि पर चन्द्र, राहू, केतू इन तीन ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब स्त्री स्थान में व दैनिक रोजगार की लाइन में अशांति व क्लेश पैदा करते हैं और यदि मंगलदेव, धन, मेष, मिथुन, कर्क, तुला इन पाँच राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

वृष लग्न फलादेश नं० ४६

जिस समय में धन राशि पर मंगल या राहू इन दो ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब परातत्व सम्बन्धो किसी प्रकार की हानि व उदर का कुछ विकार और जीवन में चिंता पैदा करते हैं और यदि गुरुदेव, मकर, मेष, तुला इन तीन राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे, तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

वृष लग्न फलादेश नं० ४७

जिस समय में मकर राशि पर गुरु, राहू, केतू, इन तीन ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब भाग्य स्थान का कुछ हानि व फिकर तथा धर्म स्थान में व ईश्वरीय भावनाओं में कुछ कमी पैदा करते हैं और यदि शनीदेव, मेष या धन इन दो राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

वृष लग्न फलादेश नं० ४८

जिस समय में कुम्भ राशि पर गुरु, मंगल, राहू, केतू, इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब कारोबार के स्थान में व पिता स्थान में कुछ हानि और राज समाज के सम्बन्ध में कुछ परेशानी पैदा करते हैं और यदि शनीदेव, मेष या धन इन दो राशियों पर ज़ब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

वृष लग्न फलादेश नं० ४९

जिस समय में मीन राशि पर बुद्धदेव जब-जब कभी आवेंगे तब-तब आमदनी के हिसाब में कुछ कमजोरी पैदा करते हैं और यदि गुरुदेव, मेष, तुला, धन, मकर इन चार राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

वृष लग्न फलादेश नं० ५०

जिस समय में मेष राशि पर शनी, राहु, केतु, इन तीन ग्रहों में से जब-जब कभी आवेंगे तब-तब खर्च के स्थान में व अन्य दूसरे स्थानों के सम्बन्धित संपर्क में कुछ कमजोरी व परेशानी का योग पैदा करते हैं और यदि मंगलदेव, कर्क, तुला, धन इन तीन राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

# मिथुन लग्नान्तर भाग्योदय कारक, नवग्रह व समय फल

## मिथुन लग्न फलादेश नम्बर ५१

जिस-जिस समय मिथुन लग्न वाले प्राणियों को ऊपर स्थित कुण्डली के अनुसार यह नवग्रह, पंचांग गति की गोचर प्रणाली से जब-जब कभी एक ही समय में, प्रायः सभी ग्रह इस प्रकार की राशियों में आवेंगे, तब-तब ही मिथुन लग्न वाले प्राणियों का भाग्योदय एवं विविध लाभ होता रहेगा, अर्थात

सू०—सिंह, कन्या, वृश्चिक, धन, मीन, मेष इन-इन राशियों पर कहीं भी हों।

च०—कर्क, कन्या, धन, कुम्भ, मीन, मेष, मिथुन इन राशियों पर कहीं भी हों।

मं०—सिंह, कन्या, मीन, मेष, तुला इन-इन राशियों पर कहीं भी हों।

बु—मिथुन, कर्क, कन्या, तुला, धन, कुम्भ, मेष इन-इन राशियों पर कहीं भी हों।

गु०—मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, धन, कुम्भ, मीन, मेष इन-इन राशियों पर कहीं भी हों।

शु०—तुला, वृष इन-इन राशियों पर कहीं भी हों।

श०—सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ इन-इन राशियों पर कहीं भी हों।

रा०—मिथुन, वृश्चिक, मेष, इन-इन राशियों पर कहीं भी हों।

के०—धन, वृश्चिक, मेष इन-इन राशियों पर कहीं भी हों।

अस्तु यह नवग्रह—जिस-जिस साल, मास, पक्ष और दिनों में उपरोक्त राशियों के अनुसार जितने समय तक एक साथ रहेंगे उतने समय में ही भाग्य उन्नति कर देंगे किन्तु उस समय में जो कोई ग्रह सूर्य से अस्त होगा उसका फल माननीय नहीं होगा।

## मिथुन लग्नान्तर अनुकूल ग्रह फलम

जिस समय में मिथुन राशि पर बुद्ध, चन्द्र, सूर्य, गुरु इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब देह को मान, प्रतिष्ठा, सुख, धन, मनोबल, आत्मबल इत्यादि शक्तियाँ प्रदान करते हैं और यदि राहू, मंगल या शनि मिथुन राशि पर आवें तो कुछ परिश्रम व परेशानियों के द्वारा सफलता व लाभ की प्राप्ति देते हैं और बुद्धदेव मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, धन, कुम्भ, मेष इन आठ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० ५३

जिस समय में कर्क राशि पर चन्द्र, बुद्ध, गुरु, सूर्य इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब धन स्थान में वृद्धि तथा कौटुम्बिक विकास की शक्ति प्रदान करते हैं और यदि चन्द्रदेव, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, धन, मेष, कुम्भ, मीन, मिथुन इन नौ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० ५४

जिस समय में सिंह राशि पर सूर्य, बुद्ध, चन्द्र, गुरु, मंगल इन पाँच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब भाई बहन के स्थान में लाभ व प्रभाव का योग तथा पुरुषार्थ के जरिये उन्नति का योग पैदा करते हैं और यदि सूर्यदेव, सिंह, कन्या, तुला, धन, कुम्भ, मेष, मीन, मिथुन, कर्क इन नौ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० ५५

जिस समय में कन्या राशि पर बुद्ध, गुरु, सूर्य, चन्द्र इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे, तब-तब मातृ स्थान की व सुख संबंधी विषय की एवं भूमि इत्यादि मकानादि सम्बन्धी तीनों प्रकरण के मामलों में वृद्धि का योग व सुख पैदा करते हैं और मंगल या शनि कन्या राशि पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ दिक्कतों के साथ उपरोक्त विषयक फल प्रदान करते हैं और यदि बुद्धदेव, कन्या, तुला, धन, कुम्भ, मेष, मिथुन, कर्क, सिंह इन आठ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० ५६

जिस समय में तुला राशि पर बुद्ध, गुरु, शनि, चन्द्र, इन ४ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब संतान पक्ष में उन्नति तथा विद्या और ज्ञान का विकास पैदा करते हैं और यदि शुक्र या मंगल तुला राशि पर जब २ कभी आवेंगे तब-तब कुछ फिकर के साथ संतान पक्ष और विद्या स्थान से लाभ व शक्ति देते हैं, और यदि शुक्रदेव, तुला, धन, कुम्भ, मीन, मेष, कर्क, मिथुन, सिंह इन आठ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० ५७

जिस समय में वृश्चिक राशि पर मंगल, शनी, गुरू, सूर्य इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब शत्रु पक्ष में व ननसाल पक्ष में प्रभावयुक्त व लाभयुक्त रखते हैं। और यदि राहू या केतु वृश्चिक राशि पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब प्रभाव की वृद्धि, शत्रु का दमन करते हैं किन्तु ननसाल पक्ष में कुछ हानि करते हैं और यदि मंगलदेव, वृश्चिक, धन, मकर, कुम्भ, मीन, मिथुन मेष, सिंह, कन्या, तुला इन दस राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे, तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० ५८

जिस समय में धन राशि पर गुरु, बुद्ध, चन्द्र, सूर्य इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब स्त्री स्थान में व दैनिक रोजगार की लाइन में उन्नति व सुख लाभ पैदा करते हैं और मंगल, शनि या केतु इन तीनों ग्रहों में से जब-जब कभी कोई धन राशि पर आवेंगे तब-तब कुछ दिक्कतों के साथ स्त्री व रोजगार की लाइन में उन्नति व लाभ देते हैं और यदि गुरुदेव, धन, कुम्भ, मीन, मिथुन, मेष, कर्क, सिंह, कन्या, तुला इन नौ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० ५९

जिस समय में मकर राशि पर शनि, मंगल, चन्द्र, सूर्य, बुद्ध इन पाँच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब परातत्व सम्बन्धी किसी प्रकार का लाभ पैदा करते हैं यदि शनिदेव, मकर, कुम्भ, मेष, मीन, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धन इन ग्यारह राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों को छोड़ कर उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० ६०

जिस समय में कुम्भ राशि पर बुद्ध, गुरू, सू०, च०, श०, इन पाँच ग्रहों में से जब २ कभी कोई आवेंगे तब २ भाग्य की उन्नति तथा धर्म का विकास और देवी सफलताओं की प्राप्ति उत्पन्न करते हैं। और यदि मंगल कुम्भ राशि पर आवे तो कुछ परिश्रम व कुछ परेशानियों के योग्य से भाग्य शक्ति का लाभ पैदा करते हैं। और यदि शनि देव कुम्भ, मीन, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, धन, इन आठ राशियों पर जब कभी आवेंगे, तब-तब कुछ अन्य विषयों को छोड़कर उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० ६१

जिस-जिस समय में मीन राशि पर चन्द्र, सूर्य, गुरू, शुक्र, मंगल, इन पाँच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब पिता स्थान की उन्नति व लाभ पैदा करते हैं और राज, समाज के कार्यों में सफलता व लाभ पैदा करते हैं। और यदि गुरूदेव, मीन, मेष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धन, इन नौ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त, विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० ६२

जिस समय में मेष राशि पर मंगल, गुरु, बुद्ध, सूर्य, चन्द्र, राहु, केतु इन सात ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब आमदनी के स्थान में अनेक प्रकार से लाभ व उन्नति करते हैं। और यदि मंगलदेव, मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, तुला, धन, मकर, कुम्भ, मीन इन नौ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे, तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० ६३

जिस समय में वृष राशि पर चन्द्र, सूर्य, शनि, शुक्र, मंगल, गुरु बुद्ध, इन सात ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे, तब खर्च के स्थान में वृद्धि, तथा बाहरी दूसरे स्थानों के सम्पर्क में उन्नति का योग पैदा करते हैं। और यदि शुक्र देव, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, तुला, धन, मकर, कुम्भ, मीन इन नौ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे, तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त, उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

## मिथुन लग्नान्तर प्रतिकूल ग्रह फलम्

फलादेश नं० ६४

जिस-जिस समय में मिथुन राशि पर केतू, शुक्र, मंगल इन तीन ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब देह को कुछ परेशानियों का व फिकर का योग पैदा करते हैं और यदि बुद्धदेव, वृश्चिक, मकर, मीन, वृष इन चार राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० ६५

जिस-जिस समय में कर्क राशि पर मंगल, शुक्र, राहु, केतु इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी आवेंगे तब-तब धन कोष की हानि तथा कौटुम्बिक क्लेश पैदा करते हैं और चन्द्रदेव, वृश्चिक, मकर, वृष इन तीन राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० ६६

जिस-जिस समय में सिंह राशि पर शुक्र, राहू, केतू, इन तीन ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे तब-तब भाई-बहन के स्थान में कुछ हानि व परेशानी पैदा करते हैं और यदि सूर्यदेव, तुला, वृश्चिक मकर, वृष इन चार राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं ६७

जिस-जिस समय में कन्या राशि पर शुक्र, राहू, केतू इन तीन ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे तब-तब मातृ स्थान में व सुख के साधनों में कुछ कमी व कुछ परेशानी करते हैं और भूमि, मकानादि सम्बन्धी मामलों में भी कुछ परेशानी का योग प्रकट करते हैं और यदि शुक्रदेव, वृश्चिक, मकर, मीन, वृष इन चार राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

**फलादेश नं० ६८**

जिस-जिस समय में तुला राशि पर सूर्य, राहू, केतू इन तीन ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे तब-तब संतान पक्ष में कुछ चिंता व फिकर और दिमाग में कुछ परेशानी तथा विद्या और ज्ञान में कुछ न्यूनता पैदा करते हैं और यदि शुक्रदेव, वृश्चिक, मकर, वृष, कन्या इन चार राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

**फलादेश नं० ६९**

जिस-जिस समय में वृश्चिक राशि पर चन्द्र, बुद्ध, शुक्र इन तीन ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे तब-तब शत्रु स्थान में कुछ झंझट-तलब मामलों से कुछ परेशानियों का योग पैदा करते हैं, और चन्द्र, शुक्र, राहू, केतू, इन चार ग्रहों में से कोई भी वृश्चिक राशि पर आये तो ननसाल पक्ष में कुछ हानि करते हैं और यदि मंगलदेव, वृष, कर्क इन दो राशियों में जब-जब कभी आयेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० ७०

जिस-जिस समय में धन राशि पर शुक्र या राहू इन दो ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे तब-तब स्त्री स्थान में व दैनिक रोजगार के स्थान में कुछ कमजोरी या कमी पैदा करते हैं और मंगल या शनि धन राशि पर आयेंगे तो स्त्री व दैनिक रोजगार की लाइन में कुछ दिक्कतों के साथ फायदा करते हैं और यदि गुरुदेव, मकर, वृश्चिक, वृष इन तीन राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० ७१

जिस-जिस समय में मकर राशि पर गुरु, शुक्र, राहू, केतू इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब जीवन में कुछ चिंता व पुरातत्त्व सम्बन्धी किसी प्रकार की कुछ हानि और उदर सम्बन्धी किसी प्रकार की कुछ शिकायत पैदा करते हैं और यदि शनिदेव, मेष, वृष, वृश्चिक इन तीन राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० ७२

जिस-जिस समय में कुम्भ राशि पर शुक्र, राहू, केतू, इन तीन ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे तब-तब भाग्य स्थान में कुछ परेशानी व कुछ हानि और धर्म-पालन की वास्तविकता में कुछ कमी करते हैं और यदि शनिदेव, मेष, वृष, वृश्चिक इन तीन राशियों में जब-जब कभी आयेगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० ७३

जिस समय में मीन राशि पर बुद्ध, राहू, केतू इन तीन ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब पिता स्थान में व व्यापार आदि कारोबार के स्थान में व राजसमाज के सम्बन्ध में कुछ परेशानी महसूस करवाते हैं और यदि गुरुदेव, वृष, वृश्चिक, मकर इन तीन राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० ७४

जिस समय में मेष राशि पर शनि या शुक्र इन दोनों में से कोई भी जब-जब कभी आयेंगे तब-तब आमदनी व आवश्यक पदार्थों की प्राप्ति के स्थान में कुछ कमी पैदा करते हैं और यदि मंगलदेव, वृष, कर्क, वृश्चिक इन तीन राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० ७५

जिस समय में वृष राशि पर राहू या केतू इन दोनों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे तब-तब खर्च के स्थान में व बाहरी दूसरे स्थान के सम्बन्धित संपर्क में कुछ दिक्कतें पैदा करते हैं, और यदि शुक्रदेव, कन्या, वृश्चिक, मकर इन तीन राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे, तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

# कर्क लग्नान्तर भाग्योदय कारक, नवग्रह व समय फल

## कर्क लग्न फलादेश नम्बर ७६

जिस-जिस समय कर्क लग्न वाले प्राणियों को ऊपर स्थित कुण्डली के अनुसार यह नवग्रह पंचांग गति की गोचर प्रणाली से जब-जब कभी एक ही समय में, प्रायः सभी ग्रह इस-इस प्रकार की राशियों में आयेंगे तब-तब ही इस कर्क लग्न वाले स्त्री-पुरुषों का भाग्योदय होता रहेगा—अर्थात्

सू०—कर्क, सिंह, कन्या, वृश्चिक, मीन, मेष, वृष इन राशियों पर कहीं भी हों।

चं०—कर्क, सिंह, कन्या, तुला, मकर, मीन, मेष, वृष इन राशियों पर कहीं भी हों।

मं०—सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, मकर, मीन, मेष, वृष इन राशियों पर कहीं भी हों।

बु०—मिथुन, कन्या इन राशियों पर कहीं भी हों।

गु०—कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धन, मीन, मेष, वृष इन राशियों पर कहीं भी हों।

शु०—कर्क, सिंह, तुला, वृश्चिक, मकर, मीन, मेष, वृष इन राशियों पर कहीं भी हों।

श०—कन्या, तुला, मकर, वृष इन राशियों पर कहीं भी हों।

रा०—मिथुन राशि पर जब आयें।

के०—धन राशि पर जब आयें।

अर्थात्—जिस-जिस साल, मास, पक्ष व दिनों में यह नवग्रह उपरोक्त राशियों में जब-जब एक ही समय में, जितने समय तक रहेंगे उस-उस समय में ही कोई भाग्यकारक, लाभकारक योग उत्पन्न होगा किन्तु यदि कोई ग्रह उस समय में सूर्य से अस्त होगा तो वह ग्रह फलदायक मान्य नहीं होगा।

## कर्क लग्नान्तर अनुकूल ग्रह फलम्

फलादेश नं० ७७

जिस समय में कर्क राशि पर चन्द्र, सूर्य, गुरु, शुक्र इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी आयेंगे तब-तब देह को मान-सम्मान व सफलता, उन्नति और सुख की प्राप्ति करते हैं और यदि चन्द्रदेव, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, मकर, मीन, मेष, वृष इन आठ राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों को छोड़कर उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० ७८

जिस समय में सिंह राशि पर चन्द, सूर्य, शुक्र, मंगल, गुरू, इन पाँचों ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे तब-तब धन स्थान की वृद्धि तथा कौटुम्बिक विकास करते हैं, और यदि सूर्यदेव, सिंह, कन्या, वृश्चिक, मकर, मीन, मेष, वृष, कर्क इन आठ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों को छोड़कर उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० ७९

जिस समय में कन्या राशि पर बुद्ध, चन्द्र, सूर्य, मंगल, गुरु इन पाँच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे तब तब बहन-भाई के पक्ष में सहयोग, और बाहुबल के कार्यों में सफलता देते हैं, और यदि बुद्धदेव, कन्य, तुला, वृश्चिक, मकर, मेष, वृष, कर्क, इन सात राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० ८०

जिस समय में तुला राशि पर चन्द्र, मंगल, शनि, शुक्र, गुरु इन पाँच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे तब-तब मातृस्थान व सुख स्थान की वृद्धि तथा भूमि, मकानादि सम्बन्धी मामलों के सुखद सहयोग की प्राप्ति करते हैं, और यदि शुक्रदेव, तुला, वृश्चिक, मकर, मीन, मेष, वृष, कर्क इन सात राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० ८१

जिस समय में वृश्चिक राशि पर शुक्र, मंगल, गुरु, सूर्य, इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आयेंगे तब-तब विद्या और ज्ञान का विकास, संतान पक्ष का सुख और वाणी की शक्ति देते हैं, और यदि मंगलदेव, वृश्चिक, मकर, मीन, मेष, वृष, सिंह, कन्या, तुला इन ८ राशियों पर जब-जब कभी आयेंगे, तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० ८२

जिस-जिस समय में मिथुन राशि पर चन्द्र, सूर्य, बुद्ध, गुरु, राहू इन ५ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब कुछ दिक्कतों के जरिये से किसी पुरातत्व वस्तु का लाभ और दूसरे स्थानों में प्रभाव की जागृति व जीवन को सहायक होने वाला कार्य मार्ग पैदा करते हैं और यदि बुद्धदेव, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, वृश्चिक, धन, मकर, कुम्भ, वृष इन नौ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० १८५

जिस-जिस समय में कर्क राशि पर चन्द्र, सूर्य, गुरु, शनि, इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब २ भाग्य की वृद्धि, धर्म और यश की प्राप्ति व कुदरती सफलताओं का योग पैदा करते हैं और यदि चन्द्रदेव, कर्क, सिंह, कन्या, धन, मकर, कुम्भ, मीन, वृष इन ८ राशि में जब-जब कभी आवेंगे तब २ कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० १८६

जिस-जिस समय में सिंह राशि पर चन्द्र, सूर्य, मंगल, गुरु, इन ४ ग्रहों में से जब २ कभी कोई आवेंगे तब २ कारबार के संबंध में व राज-समाज, मान-प्रतिष्ठा के सम्बंध में तथा पिता स्थान के संबंध में लाभ प्राप्ति एवं सहायक योग प्रदान करते हैं और यदि सूर्यदेव, सिंह, कन्या, वृश्चिक, धन, मकर, कुम्भ, मीन, मेष, वृष, कर्क इन दस राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० १८७

जिस-जिस समय में कन्या राशि पर सू०, चं०, मं०, बु०, गु०, श०, रा०, के० इन ८ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब आमदनी के स्थान में वृद्धि तथा आवश्यक वस्तुओं के लाभ संबंध में सफलता प्रदान करते हैं और यदि बुद्धदेव. कन्या, वृश्चिक, धन, मकर, कुम्भ वृष, कर्क, सिंह इन ८ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० १८८

जिस-जिस समय में तुला राशि पर शुक्र, बुद्ध, चंद्र, मंगल, गुरु, शनि इन ६ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब खर्च के सम्बंध में सहूलियत तथा अधिकता और बाहरी दूसरे स्थानों के संबंधित संपर्क में लाभप्रद सहयोग प्रदान करते हैं और यदि शुक्रदेव, मकर, तुला, वृश्चिक, धन, कुम्भ, मीन, वृष, कर्क, सिंह इन ९ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

## वृश्चिक लग्नान्तर प्रतिकूल ग्रह फलम

फलादेश नं० १८९

जिस-जिस समय में वृश्चिक राशि पर शुक्र, चंद्र, राहू, केतू इन ४ ग्रहों में से जब-जब कोई आवेंगे तब-तब देह को दुर्बलता, कमजोरी व अशांती तथा हृदय को चिंता पैदा करते हैं और यदि मंगजदेव, कर्क, मिथुन, तुला इन ३ राशियों पर जब जब-कभी आवेंगे तब-तब अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फलभी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० १९०

जिस-जिस समय में धन राशि पर शुक्र या राहू इन दो ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब तब धन के कोष की हानि और कोटुम्बिक क्लेश पैदा करते हैं और यदि गुरुदेव, मकर, मिथुन, तुला इन ३ राशियों पर जब-जब आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते है।

फलादेश नं० १९१

जिस-जिस समय में मकर राशि पर गुरु, शुक्र, राहू, केतू इन चार ग्रहों में से जब-जब कोई आवेंगे तब-तब बहन भाइयों के सम्बन्ध में कुछ अशांति व क्लेश तथा बाहु-बल के कार्यों में कमजोरी व थकान पैदा करते हैं और यदि शनिदेव, मेष, मिथुन इन २ राशियों पर जब-जब आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विष-यों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० १९२

जिस-जिस समय में कुम्भ राशि पर शुक्र, राहू, केतू इन ३ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब मातृस्थान में व सुख प्राप्ति के सम्बन्ध में तथा मकान, जायदाद के सम्बन्ध में कुछ कमी व अशांति करते हैं और यदि शनिदेव, मेष, मिथुन इन दो राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० १३६

जिस-जिस समय में मीन राशि पर बुद्ध, राहू, केतू इन तीन ग्रहों में से जब २ कभी कोई आवेंगे तब-तब विद्या बुद्धि और ज्ञान के मार्ग में कुछ कमी पैदा करते हैं और सन्तान पक्ष में अशांति पैदा करते हैं और यदि गुरुदेव, मेष, मिथुन मकर, तुला इन ४ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० १६४

जिस-जिस समय में मेष राशि पर शनि, शुक्र, बुद्ध इन ३ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब कुछ झगड़े-झंझटतलब मामलों में कुछ परिश्रम व कुछ परेशानी का योग पैदा करते हैं और यदि मंगलदेव, मिथुन, कर्क, तुला इन ३ राशियों में जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० १९५

जिस-जिस समय में वृष राशि पर राहू, केतू, मंगल शुक्र, बुद्ध इन पांच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब दैनिक रोजगार व स्त्री पक्ष में थोड़ी-थोड़ी दिक्कतें पैदा करते हैं और यदि शुक्रदेव, मिथुन, कन्या, तुला, धन, मेष इन पाँच राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० १९६

जिस-जिस समय में मिथुन राशि पर शुक्र या केतू इन दो ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब कुछ पुरातत्व सम्बन्धी किसी वस्तु की चिंता या हानि करते हैं और उदर का कुछ विकार व जीवन में कुछ अशांति पैदा करते हैं और यदि बुद्धदेव, तुला, मीन, मेष इन तीन राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० १९७

जिस-जिस समय में कर्क राशि पर शुक्र, मंगल, राहू, केतू इन ४ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब भाग्यस्थान में कुछ चिन्ता व कमजोरी तथा धर्म और ईश्वरनिष्ठा में कुछ अरुचि व कमी पैदा करते हैं और यदि चन्द्रदेव, तुला, वृश्चिक, मेष, मिथुन इन चार राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० १९८

जिस-जिस समय में सिंह राशि पर शुक्र, राहू, केतू इन तीन ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब पिता के स्थान में व कारबार के स्थान में कुछ हानि व राज-समाज एवं मान-प्रतिष्ठा आदि के संबंध में कुछ कमी व परेशानी पैदा करते हैं और यदि सूर्यदेव, तुला या मिथुन राशि पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० १९९

जिस-जिस समय में कन्या राशि पर शुक्रदेव आवेंगे तब-तब धन लाभ के स्थान में व आवश्यक वस्तुओं के लाभ के स्थान में कमी पैदा करते हैं और यदि बुद्धदेव, मिथुन, तुला, मीन, मेष इन चार राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २००

जिस-जिस समय में तुला राशि पर सूर्य, राहू, केतू इन तीन ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवें तब-तब खर्च के स्थान में कुछ परेशानी व दिक्कत और बाहरी दूसरे स्थानों के संबंध में कुछ अड़चनें व फिक्र का संपर्क योग बनाते हैं और यदि शुक्रदेव, मेष, मिथुन, कन्या इन तीन राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल प्रदान करते हैं।

# धन लग्नान्तर भाग्योदय कारक, नवग्रह व समय फल

## धन लग्न फलादेश नम्बर २०१

जिस-जिस समय में धन लग्न वाले प्राणियों को ऊपर स्थित कुण्डली के अनुसार यह नवग्रह पंचांग गति की गोचर प्रणाली से जब-जब कभी एक ही समय में प्रायः सभी ग्रह इस प्रकार की राशियों में आवेंगे तब-तब ही इस लग्न वाले प्राणियों का भाग्योदय विविध रूप से होता रहेगा—यानी

सू०—धन, मकर, कुम्भ, मीन, मेष, मिथुन, सिंह, कन्या इन राशियों पर कहीं भी हों।

चं०—वृष, कर्क इन दो राशियों पर कहीं भी हों।

मं०—मेष, तुला इन दो राशियों पर कहीं भी हों।

बु०—धन, मकर, कुम्भ, मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, तुला इन राशियों पर कहीं भी हों।

गु०—धन, मीन, मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, तुला इन राशियों पर कहीं भी हों।

शु०—धन, मकर, कुम्भ, मीन, मेष, मिथुन, सिंह, तुला इन राशियों पर कहीं भी हो।

श०—धन, मकर, कुम्भ, तुला इन राशियों पर कहीं भी हों।

रा०—वृष, वृश्चिक, मिथुन इन राशियों पर कहीं भी हों।

के०—वृष, वृश्चिक, धन इन राशियों पर कहीं भी हों।

अर्थात्—जिस-जिस साल, मास, पक्ष व दिनों में यह नवग्रह उपरोक्त २ राशियों में एक ही साथ जब-जब कभी आवेंगे तब-तब ही भाग्यकारक; लाभकारक, सुखकारक, साबित होंगे किन्तु कोई भी ग्रह सूर्य से अस्त नहीं होना चाहिये क्योंकि उसका फल मान्य नहीं है।

फलादेश नं० २०२

जिस-जिस समय में धन राशि पर गुरु, सूर्य, बुद्ध, शनि, शुक्र इन पाँच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब देह को सम्मान सुख व यश गौरव आदि में सफलता की शक्ति प्रदान करते हैं और यदि गुरुदेव, धन, कुम्भ, मीन, मिथुन, मेष, सिंह, कन्या, तुला इन आठ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल प्रदान करते हैं ।

फलादेश नं० २०३

जिस-जिस समय में मकर राशि पर शनि, शुक्र, बुद्ध, सूर्य इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब धन की वृद्धि व सफलता और कौटुम्बिक सुख प्रदान करते हैं और यदि शनिदेव, मकर, कुम्भ, कन्या, मिथुन, सिंह, धन इन ७ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल प्रदान करते हैं ।

फलादेश नं० २०४

जिस-जिस समय में कुम्भ राशि पर शनि, शुक्र, बुद्ध, सूर्य, गुरु इन पाँच ग्रहों में से जब-जब कोई आवेंगे तब-तब बाहुबल के कार्यों में सफलता व वृद्धि और भाई-बहन के स्थान में लाभ-सहयोग को प्राप्ति करते हैं और राहू या केतू दोनों में से कोई भी जब-जब कुम्भ राशि पर आवें तो केवल पराक्रम की सफलता करते हैं और यदि शनिदेव, वृष, सिंह, धन, मिथुन, कन्या, तुला इन ६ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २०५

जिस-जिस समय में मीन राशि पर गुरु, शुक्र, सूर्य इन तीन ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब मातृस्थान में व भूमि मकानादि के संबंध में सुख प्राप्ति के साधनों में वृद्धि एवं अनुकूल सहयोग प्रदान करते हैं और यदि गुरुदेव, मीन, मेष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, धन इन आठ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २०६

जिस-जिस समय में मेष राशि पर गुरु, सूर्य, शुक्र, बुद्ध इन ४ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब सन्तान पक्ष में सुख, लाभ की वृद्धि करते हैं और विद्या, ज्ञान विवेक, वाणी की कला आदि बातों की उन्नति करते हैं और यदि मंगलदेव, मिथुन, सिंह, कन्या, तुला, मकर, धन, कुम्भ, मीन, मेष इन नौ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २०७

जिस-जिस समय में वृष राशि पर शुक्र, शनि, सूर्य, बुद्ध, चन्द्र, गुरु इन ६ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब कुछ दिक्कतों के साथ शत्रु स्थान में व प्रभाव के संबंध में कामयाबी देते हैं और ननसाल पक्ष में उन्नति करते हैं और राहू, केतू, वृष पर आवें तो ननसाल पक्ष को हानि तथा शत्रुपक्ष में विजय करते हैं और यदि शुक्रदेव, मिथुन, सिंह, तुला धन, मकर, कुम्भ, मीन, मेष, वृष इन नौ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २०८

जिस-जिस समय में मिथुन राशि पर बुद्ध, सूर्य, शुक्र, गुरु, शनि, राहू इन ६ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब दैनिक रोजगार की लाइन में फायदा व तरक्की करते हैं और स्त्री स्थान में प्रभाव व ऐश्वर्य देते हैं और यदि बुद्धदेव, सिंह, कन्या, तुला, धन, कुम्भ, मेष, मिथुन इन सात राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २०९

जिस-जिस समय में कर्क राशि पर गुरु, सूर्य, बुद्ध, शनि, शुक्र, चन्द्र, इन छः ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब कुछ दिक्कतों के साथ पुरातत्व सम्बन्धी किसी प्रकार का लाभ व जिंदगी के लिए कुछ सहारा पैदा करते हैं और यदि चन्द्रदेव, सिंह, कन्या, तुला, धन, मकर, कुम्भ, मीन, मेष, मिथुन, वृष, कर्क इन ११ राशियों में जब-जब कभी आवेंगे, तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २१०

जिस-जिस समय में सिंह राशि पर गुरु, सूर्य, बुद्ध, शनि, शुक्र, चन्द्र इन छः ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब भाग्य स्थान की उन्नति व दैवयोग के द्वारा लाभ प्राप्ति के साधन तथा धर्म और ईश्वर के प्रति श्रद्धा, सहयोग व यश की प्राप्ति करते हैं और यदि सूर्यदेव, कन्या, धन, कुम्भ, मीन, मेष, मिथुन, सिंह इन ७ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २११

जिस-जिस समय में कन्या राशि पर सूर्य, बुद्ध, गुरु, शनि इन चार राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब पिता स्थान में व कारबार के स्थान में तथा राजसमाज व मान-प्रतिष्ठा आदि के सन्बन्ध में तरक्की एवं सफलता प्रदान करते हैं और यदि बुद्धदेव, तुला, धन, मकर, मेष, कुम्भ, मिथुन, सिंह, कन्या इन ८ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २१२

जिस-जिस समय में तुला राशि पर शुक्र, बुद्ध, शनि गुरु, मंगल, राहू, केतू, इन ७ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब धन लाभ की प्राप्ति एवं आवश्यकताओं की पूर्ति के संबंध में उन्नति प्राप्त करते हैं और यदि शुक्रदेव, धन, मकर, कुम्भ, मीन, मेष, मिथुन, सिंह, तुला इन आठ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २१३

जिस-जिस समय में वृश्चिक राशि पर शुक्र, मंगल, गुरु, शनि, सूर्य, बुद्ध इन ६ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब खर्च की अधिक सहूलियत और बाहरी दूसरे स्थानों के सम्बन्धित संपर्क में सफलता पैदा करते हैं और यदि मंगलदेव, धन, मकर, कुम्भ, मीन, मेष, सिंह, मिथुन, कन्या, तुला, वृश्चिक इन नौ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

## धन लग्नान्तर प्रतिकूल ग्रह फलम

फलादेश नं० २१४

जिस-जिस समय में धन राशि पर मंगल, चन्द्र, राहू, इन तीन ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब देह में चिंता व कुछ कमजोरी पैदा करते हैं और यदि गुरुदेव, मकर, वृष, वृश्चिक इन तीन राशियों में जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २१५

जिस-जिस समय में मकर राशि पर गुरु, चन्द्र, राहू, केतू इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब धन स्थान में हानि तथा कौटुम्बिक क्लेश पैदा करते हैं और यदि गुरुदेव, मकर, वृश्चिक, वृष, इन तीन राशियों में जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २१६

जिस-जिस समय में कुम्भ राशि पर मंगल, चन्द्र, राहू, केतू इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब भाई, बहन के स्थान में कुछ अशाँति तथा बाहुबल के कार्यों में कुछ थकान व कुछ परेशानी पैदा करते हैं और यदि शनिदेव, मेष. कर्क, वृश्चिक इन तीन राशियों में जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २१७

जिस-जिस समयमें मीन राशि पर बुद्ध, चन्द्र, मंगल, राहू, केतू इन पाँच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब मातृस्थान में व सुख , संबंध कुछ अशांतप्रद एवं हानिप्रद कार्य करते हैं और यदि गुरुदेव, वृष, वृश्चिक, मकर इन तीन राशियों पर जब-जब भी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २१८

जिस-जिस समय में मेष राशि पर शनि, चन्द्र, राहू, केतू इन ४ ग्रहों में से जब-जब कभी आवेंगे तब-तब संतान पक्ष में कुछ अशांति व दिमाग में कुछ परेशानी तथा विद्या, बुद्धि, विवेक, वाणी आदि की सुन्दरता में कमी व रूखापन पैदा करते हैं और यदि मंगलदेव, वृष, कर्क, वृश्चिक इन तीन राशियों में जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २१९

जिस-जिस समय में वृष राशि पर मंगल, राहू, केतू, इन तीन ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब ननसाल पक्ष में कुछ कमजोरी तथा शत्रुपक्ष में व दिक्कतों के सम्बन्ध में कुछ परेशानियों से काम निकालते हैं और यदि शुक्रदेव, वृश्चिक, कर्क, कन्या इन तीन राशियों में जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २२०

जिस-जिस समय में मिथुन राशि पर केतू, चन्द्र, मंगल इन ३ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब स्त्री स्थान में कुछ कष्ट तथा दैनिक रोजगार में परेशानी पैदा करते हैं और यदि बुद्धदेव, कर्क, वृश्चिक, मीन, वृष इन ४ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २२१

जिस-जिस समय में कर्क राशि पर राहू, केतू, मंगल इन ३ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब पुरातत्व संबंधी किसी प्रकार की कुछ हानि व उदर में विकार तथा जीवन में कुछ चिंता पैदा करते हैं और यदि चन्द्रदेव, वृश्चिक राशि पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २२२

जिस-जिस समय में सिंह राशि पर राहू, केतू, चन्द्र, मंगल इन ४ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब भाग्य स्थान में कुछ चिंता व कुछ हानि और धर्म, ईश्वर व यश इन तीनों के संबंध में कमजोरी पैदा करते हैं और यदि सूर्यदेव, तुला, वृश्चिक, वृष, कर्क इन ४ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २२३

जसि-जिस समय में कन्या राशि पर चन्द्र, मंगल, राहू, केतू इन ४ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब पिता के स्थान संबंधमें व कारबार, मान प्रतिष्ठा, राज-समाज आदि विषयों में परेशानी के कारण पैदा करते हैं और यदि बुद्धदेव, वृश्चिक, मीन, वृष, कर्क इन चार राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २२४

जिस-जिस समय में तुला राशि पर सूर्य, चन्द्र इन दो ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब आमदनी के स्थान में व आवश्यक वस्तुओं की प्राप्ति के संबंध में कुछ थोड़ी सी दिक्कतें पैदा करते हैं और यदि शुक्रदेव, वृश्चिक, वृष, कर्क, कन्या इन चार राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २२५

जिस-जिस समय में वृश्चिक राशि पर चन्द्र, राहू, केतू इन ३ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब खर्च के स्थान में परेशानी का कारण और बाहरी दूसरे स्थानों के सम्बन्धित संपर्क में कुछ दिक्कतें पैदा करते हैं और यदि मंगलदेव, वृष, कर्क इन दो राशियों में जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

# मकर लग्नान्तर भाग्योदय कारक,

## नवग्रह व समय फल

### मकर लग्न फलादेश नं० २२६

जिस-जिस समय में मकर लग्न वाले प्राणियों को ऊपर स्थित कुण्डली के अनुसार यह नवग्रह पंचांग गति की गोचर प्रणाली से जब-जब कभी एक ही समय में प्राय: सभी ग्रह इस-इस प्रकार की राशियों में आवेंगे तब-तब इस मकर लग्न वाले प्राणियों का भाग्योदय विविध प्रकार से होता है। यानी—

सू०—सिंह, मेष, वृश्चिक इन तीन राशियों पर कहीं भी हों।

चं०—मकर, मीन, मेष, वृष, कर्क, कन्या, तुला इन सात राशियों पर कहीं भी हों।

मं०—मकर, कुम्भ, मीन, मेष, वृष, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, तुला इन नौ राशियों पर कहीं भी हों।

बु०—मकर, कुम्भ, मेष, वृष, कर्क, कन्या, तुला, वृश्चिक, इन आठ राशियों पर कहीं भी हों।

गु०—मीन, कर्क, वृश्चिक इन तीन राशियों पर कहीं भी हों।

शु०—मकर, कुम्भ, मीन, मेष, वृष, कर्क, तुला, वृश्चिक इन आठ राशियों पर कहीं भी हों।

श०—मकर, कुम्भ, मीन, वृष, कर्क, कन्या, तुला, वृश्चिक इन आठ राशियों पर कहीं भी हों।

रा०—मिथुन, कन्या इन दो राशियों पर कहीं भी हों।

के०—धन, मीन इन दो राशियों पर कहीं भी हों।

अर्थात्—जिस-जिस साल, मास, पक्ष व दिनों में यह नवग्रह उपरोक्त-उपरोक्त राशियों पर एक ही समय में आयेंगे तब-तब ही भाग्यकारक सिद्ध होंगे किन्तु कोई भी ग्रह उस समय में सूर्य से अस्त नहीं होना चाहिये, क्योंकि अस्त ग्रह का फल ठीक रूप से मान्य नहीं है।

## मकर लग्नान्तर अनुकूल ग्रह फलम

फलादेश नं० २२७

जिस-जिस समय में मकर राशि पर, शुक्र, शनि, बुद्ध, मंगल, चन्द्र, इन पांच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे, तब-तब देह को, ऐश्वर्य, मान, सम्मान, प्रभाव, लाभ, सुख इत्यादि बातों की प्राप्ति करते हैं। और यदि शनिदेव, मकर कुम्भ, मीन, वृष, मिथुन, कर्क, कन्या, तुला, वृश्चिक इन नौ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे, तब-तब भी कुछ अन्य विषयों को छोड़ कर उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २२८

जिस-जिस समय में कुम्भ राशि पर शनि, शुक्र, बुद्ध, मंगल, चन्द्र, इन पांच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब धन स्थान की वृद्धि व कौटुम्बिक सुख पैदा करते हैं। और यदि शनिदेव, कुम्भ, मीन, वृष, कर्क, कन्या, तुला, वृश्चिक, मकर इन आठ राशियों में जब-जब कभी आवेंगे, तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २२९

जिस-जिस समय में मीन राशि पर शुक्र, शनि, मंगल, चन्द्र, इन ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब बहन, भाई के स्थान संबंध में अपने बाहुबल दारा किये हुए कार्यों में सफलता, सुख प्रदान करते और मीन पर राहू, केतू कोई भी हों तो पुरुषार्थ] कार्य में अधिक मेहनत से सफलता प्रदान करते हैं। और यदि गुरूदेव, मेष, कर्क, कन्या, तुला, वृश्चिक, मीन इन छै राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २३०

जिस-जिस समय में मेष राशि पर चन्द्र, शुक्र, बुद्ध, सूर्य इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब मातृ स्थान में व भूमि, मकानादि संबंध में व सुख प्राप्ति के संबंधों में अनुकूल वृद्धि कारक योग पैदा करते हैं और यदि मंगलदेव, मेष, कन्या, तुला, मीन, वृश्चिक, मकर इन ६ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयो के अतरिक्त उपरोक्त विषयक फल प्रदान करते हैं।

**फलादेश नं० २३१**

जिस-जिस समय में वृष राशि पर शुक्र, चन्द्र, बुद्ध, मंगल, शनि इन पांच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब विद्या और ज्ञान का विकास तथा संतान पक्ष में सुख और वाणी की शक्ति में तीव्रता पैदा करते हैं और यदि शुक्रदेव, कर्क, तुला, वृश्चिक, मकर, कुम्भ, मीन, मेष, वृष इन आठ राशियों में जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अत-उपरोक्त रिक्त विषयक फल भी प्रदान हैं।

**फलादेश नं० २३२**

जिस-जिस समय में मिथुन राशि पर राहू, बुद्ध, मंगल, शुक्र, शनि इन ५ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब शत्रु पक्ष में व दिक्कत पर विजय प्रदान करते हैं तथा ननसाल पक्ष में उन्नति का योग पैदा करते हैं और यदि बुद्धदेव, कर्क, कन्या, तुला, वृश्चिक, मकर, कुम्भ, मेष, वृष इन ८ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अत-रिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २३३

जिस-जिस समय में कर्क राशि पर चन्द्र, गुरु, शुक्र, बुद्ध, शनि इन ५ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब दैनिक रोजगार की लाइन में तरक्की व सफलता प्राप्त करते हैं तथा स्त्री स्थान में सुख, ऐश्वर्य व प्रभाव प्रदान करते हैं और यदि चन्द्रदेव, कर्क, कन्या, तुला, मकर, मीन, मेष, वृष इन ७ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतरिक्त उपरोक्त विषयक फल प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २३४

जिस-जिस समय में सिंह राशि पर सूर्य, बुद्ध, शुक्र, मंगल, शनि इन ६ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब कुछ दिक्कतों के साथ किसी प्रकार से कुछ पुरातत्व शक्ति का लाभ तथा जीवन को शक्ति प्रदान करते हैं और यदि सूर्यदेव, सिंह, कन्या, वृश्चिक, वृष, मकर, कुम्भ, मीन मेष, कर्क इन ९ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २३५

जिस-जिस समय में कन्या राशि पर बुद्ध, मंगल, शनि, चन्द्र इन ४ ग्रहों में से जब-जब कभी आवेंगे तब-तब भाग्य की उन्नति, यश की प्राप्ति, दैवी सफलता व धर्म में रुचि इत्यादि बातें पैदा करते हैं और यदि बुद्धदेव, कन्या, मकर, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मेष, वृष, कर्क इन ८ राशियों पर जब जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २३६

जिस-जिस समय में तुला राशि पर शुक्र, शनि, बुद्ध, मंगल, चन्द्र इन ५ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब पिता स्थान में व कारबार के स्थान में तथा राज, समाज, मान, प्रतिष्ठा आदि के सम्बन्ध में उन्नति व सफलता प्रदान करते हैं और यदि शुक्रदेव, वृश्चिक, मकर, कुम्भ, मीन, मेष, वृष, कर्क, तुला इन ८ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

जिस-जिस समय में वृश्चिक राशि पर मंगल, शुक्र, शनि, बुद्ध, गुरु, राहू, केतू, सूर्य, इन आठ ग्रहों में से, जब-जब कभी कोई आवेंगे, तब-तब आमदनी के व लाभ प्राप्ति के साधनों में उन्नति करते हैं तथा आवश्यक पदार्थों की पूर्ती करते हैं और यदि मंगलदेव, वृश्चिक, मकर मीन, मेष, वृष, कन्या, तुला इन सात राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २३७

जिस-जिस समय में धन राशि पर गुरु, मंगल शुक्र, बुद्ध, चन्द्र, शनि, केतू, इन सात ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे, तब-तब खर्च के स्थान में सहूलियत व बृद्धि तथा बाहरी दूसरे स्थानों के संबन्धित सम्पर्क में सफलता प्रदान करते हैं और यदि गुरुदेव, धन मीन, मेष, कर्क, सिंह, कन्या, तुला वृश्चिक, इन आठ राशियों में जब जब कभी आवेंगे, तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २३८

## मकर लग्नांतर प्रतिकूल ग्रह फलम

फलादेश नं० २३९

जिस-जिस समय में मकर राशि पर सूर्य, गुरु, राहू, केतू, इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे, तब-तब देह को चिंता व कमजोरी पैदा करते हैं। और यदि शनिदेव, मेष, मिथुन, सिंह, धन, इन चार राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २४०

जिस-जिस समय में कुम्भ राशि पर सूर्य, गुरु, राहू, केतू, इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे, तब-तब धन स्थान में हानि व फिक्र और कौटुम्बिक अशान्ति का योग पैदा करते हैं। और यदि शनिदेव, मेष, मिथुन, सिंह, धन, इन चार राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे, तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २४१

जिस-जिस समय में मीन राशि पर सूर्य, राहू, केतू, इन तीन ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे, तब-तब भाई-बहन के स्थान में अशांती का योग तथा बाहुबल द्वारा किए गये कार्यों में कुछ थकान व परिश्रम का योग पैदा करते हैं। और यदि गुरुदेव, मिथुन, सिंह, धन, मकर, कुम्भ, मीन, इन ६ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २४२

जिस-जिस समय में मेष राशि पर, शनि, गुरु, केतू, राहू, इन ४ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे, तब-तब मातृ स्थान व भूमि, मकानादि सम्बन्ध, व सुख प्राप्ति सम्बन्धों की कमी व क्लेश पैदा करते हैं। और यदि मंगलदेव, मिथुन, कर्क, सिंह, धन, कुम्भ, इन पांच राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २४३

जिस-जिस समय में वृष राशि पर गुरु, राहू, केतू, सूर्य इन ४ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे, तब-तब संतान पक्ष में व विद्या, बुद्धि सम्बन्ध में अशांति का व कुछ न्यूनता का योग पैदा करते हैं। और यदि शुक्रदेव, मिथुन, सिंह, कन्या, धन, इन चार राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २४४

जिस-जिस समय में मिथुन-राशि पर केतू, सूर्य, गुरु, इन तीन ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब ननसाल पक्ष में कुछ कमजोरी का योग तथा शत्रु पक्ष में थोड़ी सी दिक्कतें पैदा करते हैं। और यदि बुद्धदेव, सिंह, धन, मीन, इन तीन राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

**फलादेश नं० २४५**

जिस-जिस समय में कर्क राशि पर मंगल, सूर्य, राहू, केतू इन ४ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब स्त्री स्थान में व दैनिक रोजगार की लाइन में अशान्ति व कष्ट अनुभव कराते हैं तथा भोगादिक पक्ष में कुछ कमी करते हैं। और यदि चन्द्रदेव, सिंह, वृश्चिक, धन, मिथुन, इन चार राशियों जब-जब कभी आवेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

**फलादेश नं० २४६**

जिस-जिस समय में सिंह राशि पर गुरु, राहू, केतू इन तीन ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब पुरातत्व संबन्धी किसी प्रकार की हानि तथा उदर का कुछ विकार व जीवन को अशांति पैदा करते हैं। और यदि सूर्यदेव, तुला, धन, मिथुन इन तीन राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २४७

जिस-जिस समय में कन्या राशि पर सूर्य, शुक्र, गुरु, राहू, केतू इन पाँच ग्रहों में से जब-जब कोई आवेंगे तब-तब भाग्य स्थान में कुछ चिंता व धर्म स्थान में कुछ कमी तथा यश की न्यूनता पैदा करते हैं और यदि बुद्धदेव, धन, मीन मिथुन, सिंह इन चार राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २४८

जिस-जिस समय में तुला राशि पर सूर्य, गुरु, राहू केतू इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब पिता स्थान में व कारबार के स्थान में तथा राज-समाज व मान-प्रतिष्ठा आदि के संबन्ध में दिक्कतें पैदा करते हैं और यदि शुक्रदेव, धन, मिथुन, सिंह, कन्या इन चार राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २४९

जिस-जिस समय में वृश्चिक राशि पर चन्द्रदेव जब-जब कभी आवेंगे तब-तब आमदनी के स्थान में कुछ अशांति का योग पैदा करते हैं और यदि मंगलदेव, धन, मिथुन, कर्क, सिंह इन चार राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २५०

जिस-जिस समय में धन राशि पर राहू, सूर्य इन दों ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब खर्च के स्थान में व अन्य दूसरे स्थानों के सम्पर्क में कुछ परेशानी का योग पैदा करते हैं और यदि गुरुदेव, मकर, कुम्भ, मिथुन, सिंह इन चार राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

# कुम्भ लग्नान्तर भाग्योदय कारक, नवग्रह व समय फल

कुम्भ लग्न फलादेश नं० २५१

जिस-जिस समय में कुम्भ लग्न वाले प्राणियों को ऊपर स्थित कुण्डली के अनुसार यह नवग्रह पंचांग गति की गोचर प्रणाली से जब-जब कभी एक ही समय में, प्रायः सभी ग्रह उपरोक्त-उपरोक्त राशियों में आवेंगे तब-तब ही इस कुम्भ लग्न वाले प्राणियों का भाग्योदय विविध प्रकार से होता रहेगा। यानी—

सू०—मेष, मिथुन, सिंह, वृश्चिक, धन इन-इन राशियों पर कहीं भी हों।

चं०—मेष, कर्क, धन इन-इन राशियों पर कहीं भी हों।

मं०—कुम्भ, मीन, मेष, वृष, मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, धन इन-इन राशियों पर कहीं भी हों।

बु०—मिथुन, कन्या, धन इन-इन राशियों पर कहीं भी हों।

गु०—कुम्भ, मीन, मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, तुला, धन, वृश्चिक इन-इन राशियों पर कहीं भी हों।

शु०—कुम्भ, मीन, मेष, वृष, मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक इन-इन राशियों पर कहीं भी हों।

श०—कुम्भ, वृष, तुला, वृश्चिक, धन इन-इन राशियों पर कहीं भी हों।

रा०—मिथुन, कर्क मकर इन-इन राशियों पर कहीं भी हों।

के०—धन, मकर, कर्क, इन-इन राशियों पर कहीं भी हों।

अर्थात्—जिस-जिस साल, मास, पक्ष व दिनों में यह नवग्रह उपरोक्त-उपरोक्त राशियों पर जब-जब कभी एक ही समय में एक साथ आवेंगे तब-तब ही इस कुम्भ लग्न वाले प्राणियों का भाग्योदय किसी न किसी रूप में होता रहेगा किन्तु उस समय में यदि कोई ग्रह सूर्य से अस्त होगा तो वह मान्य नहीं होंगे।

## कुम्भ लग्नान्तर अनुकूल ग्रह फलम

फलादेश नं० २५२

जिस-जिस समय में कुम्भ राशि पर शुक्र, मंगल, गुरु, शनि इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब देह को प्रभाव, सुख, लाभ, मान, प्रतिष्ठा, गौरव उन्नति, कीर्ति, कर्म इत्यादि योग प्रदान करते हैं और यदि शनिदेव, कुम्भ, मिथुन, मीन, वृष, सिंह, तुला, वृश्चिक, धन इन आठ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २५३

जिस-जिस समय में मीन राशि पर गुरु, शुक्र, मंगल, सूर्य इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब धन स्थान की वृद्धि तथा कौटुम्बिक सुख लाभ पैदा करते हैं और यदि गुरुदेव मीन, मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह तुला, वृश्चिक, धन, कुम्भ इन दस राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २५४

जिस-जिस समय में मेष राशि पर सूर्य, गुरु, शुक्र, मंगल, इन ४ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब बहन-भाई के स्थान में सुख-सहयोग पैदा करते हैं तथा बाहुबल के कार्यों में सफलता व उन्नति करते हैं और राहू केतु, चन्द्र इन ३ ग्रहों में से जब-जब कोई आवेंगे तो बहन-भाई के स्थान को छोड़कर पुरुषार्थ व परिश्रम की सफलता करते हैं और यदि मंगलदेव, मेष, वृष, मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, धन, मकर, कुम्भ इन नौ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २५५

जिस-जिस समय में वृष राशि पर शुक्र, मंगल, गुरु, चन्द्र, सूर्य इन पांच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब मातृस्थान की वृद्धि भूमि-मकानादि संबंध की व सुख प्राप्ति संबंधों की सफलता प्रदान करते हैं और यदि शुक्रदेव वृष, मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, धन, कुम्भ, मीन, मेष इन नौ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतरिक्त उपरोक्त विषयक फल प्रदान करते हैं।

फलादेश ० २५६

जिस-जिस समय में मिथुन राशि पर शुक्र, मंगल, गुरु, सूर्य, बुद्ध, शनि, राहू इन ७ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब विद्या का विकास, ज्ञान और विवेक की वृद्धि, संतान का सुख इत्यादि योग पैदा करते हैं और यदि बुद्धदेव, मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, धन, मेष, वृश्चिक, इन ८ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त-उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २५७

जिस-जिस समय में कर्क राशि पर गुरु, सूर्य, शुक्र, शनि, चन्द्र इन ५ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब शत्रु स्थान में व ननसाल पक्ष में प्रभाव की जागृति करते हैं तथा कर्क राशि पर राहू या केतू आवें तो शत्रुपक्ष में विजय तथा ननसाल पक्ष में हानि करते हैं और यदि चन्द्र-देव, सिंह, तुला, धन, कुम्भ, मेष, वृष, मिथुन, कर्क इन ८ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २५८

जिस-जिस समय में सिंह राशि पर सूर्य, गुरु, मंगल, शुक्र इन चार राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब दैनिक रोजगार के स्थान में उन्नति व सफलता तथा स्त्री स्थान में प्रभाव व आनन्द लाभ प्रदान करते हैं और यदि सूर्यदेव, सिंह, वृश्चिक, धन, कुम्भ, मेष, मिथुन, वृष इन सात राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २५९

जिस-जिस समय में कन्या राशि पर बुद्ध, मंगल, गुरू, शनि इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब किसी प्रकार के पुरातत्व सम्बन्धी लाभ की सूरत पैदा करते हैं तथा जीवन को सहारा पैदा करते हैं और यदि बुद्धदेव, कन्य, तुला, वृश्चिक, धन, कुम्भ, मेष, मिथुन, वृष, सिंह इन ९ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २६०

जिस-जिस समय में तुला राशि पर शुक्र, शनि, गुरु, मंगल इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब भाग्य स्थान की उन्नति व दैवी सफलताओं की प्राप्ति तथा यश और धर्म की वृद्धी करते हैं और यदि शुक्रदेव, तुला, वृश्चिक, धन, कुम्भ, मेष, वृष, मिथुन इन सात राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २६१

जिस-जिस समय में वृश्चिक राशि पर शुक्र, मंगल, गुरु, सूर्य, शनि इन पाँच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब मान-प्रतिष्ठा, कारबार, राज-समाज, पिता, इत्यादि सम्बन्धों में शनि के फल से कुछ कमी का योग पाते हुए दूसरे स्थान के सम्बन्ध-सहयोग द्वारा उन्नति करते हैं और शनि को छोड़कर चारों ग्रहों में से कोई हो तो सीधी उन्नति का साधन बनाते हैं और यदि मंगलदेव, वृश्चिक, मकर, धन, कुम्भ, मीन, मेष, वृष, मिथुन, सिंह, तुला इन दस राशियों में जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २६२

जिस-जिस समय में धन राशि पर गुरु, सूर्य, मंगल, शुक्र, शनि, चन्द्र, बुद्ध, केतू, इन आठ ग्रहों में से जब-जव कभी कोई आवेंगे तव-तब आमदनी के स्थान में वृद्धि व सुख-साधन तथा आवश्यक पदार्थों को प्राप्ति करते हैं और यदि गुरु-देव, धन, कुम्भ, मीन, मेष, वृष, कर्क, मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक इन दस राशियों में जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २६३

जिस-जिस समय में मकर राशि पर शनि, शुक्र, मंगल इन तीन ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तव-तब दूसरे बाहरी स्थानों के संबन्ध में लाभप्रद सहयोग करते हैं और खर्च की सहूलियत, सुख प्रदान करते हैं। और यदि शनि-देव, मकर, कुम्भ, मीन, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, तुला, वृश्चिक, धन इन दस राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

## कुम्भ लग्नान्तर प्रतिकूल ग्रह फलम

फलादेश नं० २६४

जिस-जिस समय कुम्भ राशि पर बुद्ध, चन्द्र, सूर्य, राहू, केतू इन पाँच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब देह को कुछ अशांति व कमजोरी पैदा करते हैं। और यदि शनिदेव, मेष, कर्क, कन्या, मकर इन चार राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २६५

जिस-जिस समय में मीन राशि पर चन्द्र, बुद्ध, शनि, राहू, केतू इन पाँच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब धन स्थान में कुछ हानि व कौटुम्बिक क्लेश पैदा करते हैं। और यदि गुरुदेव, कन्या, मकर इन दो राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २६६

जिस-जिस समय में मेष राशि पर, शनि, बुद्ध, राहू, केतू, इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब बहन-भाइयों के स्थान में कुछ परेशानी तथा बाहुबल के कार्यों में कुछ थकान पैदा करते हैं और साथ ही साथ कुछ हिम्मत भी देते हैं। और यदि मंगल देव, कर्क, कन्या, मीन, इन तीन राशियों में जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २६७

जिस-जिस समय में वृष राशि पर बुद्ध, राहू, केतू, इन तीन ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब मात्र स्थात में कुछ अशांति एवं सुख प्राप्ति के साधनों में कमी व मकान, भूमि आदि के संबंध में कुछ कमी या क्लेश का योग पैदा करते हैं। और यदि शुक्रदेव कर्क, कन्या, मकर, इन तीन राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अति-रिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं

फलादेश नं० २६८

जिस-जिस समय में मिथुन राशि पर, चन्द्र या केतू इन दो ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब सन्तान पक्ष में व दिमाग शांति के सम्बन्धी मामलों में, अशांति का कारण बनाते हैं और विद्या, बुद्धि, विवेक में, कमजोरी पैदा करते हैं। और यदि, बुद्धदेव, कर्क, मकर, मीन, इन तीन राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २६९

जिस-जिस समय में कर्क राशि पर बुद्ध, राहू, केतू, मंगल, इन चार ग्रहों में से जब-जब कोई आवेंगे तब-तब ननसाल पक्ष में कुछ कमजोरी करते हैं तथा शत्र-पक्ष में कुछ अड़चनों के साथ कार्य बनाते हैं। और यदि चन्द्रदेव, कन्या, वृश्चिक, मकर, इन तीन राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २७०

जिस-जिस समय में सिंह राशि पर, चन्द्र, बुद्ध, राहू, केतू, शनि, इन पाँच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब स्त्री, गृहस्थ तथा दैनिक रोजगार के सम्बन्ध में दिक्कतें पैदा करते हैं और यदि सूर्यदेव, कन्या, तुला, मकर, कर्क इन चार राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २७१

जिस-जिस समय में कन्या-राशि पर शुक्र, चन्द्र राहू, केतू, इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब किसी पुरा-तत्व संबंधित वस्तु की कमी या कमजोरी पैदा करते हैं तथा उदर का कुछ विकार व जीवन को कुछ अशान्ति करते हैं। और यदि बुद्ध-देव, मकर, मीन, कर्क इन तीन राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २७२

जिस-जिस समय में तुला राशि पर सूर्य, चन्द्र, बुद्ध, राहू, केतू इन ५ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब भाग्य स्थान में कुछ चिंता फिक्र पैदा करते हैं तथा धर्म और यश में कमी करते हैं और यदि शुक्रदेव मकर, कन्या, कर्क इन तीन राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदात करते हैं।

फलादेश नं० २७३

जिस-जिस समय में वृश्चिक-राशि पर बुद्ध, चन्द्र, राहू, केतू इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब राज, समाज, कारबार व पिता स्थान के सम्बंधों में तथा मान, प्रतिष्ठा उन्नति आदि के सम्बन्धों में विघ्न एवं परेशानी उत्पन्न करते हैं और यदि मंगलदेव, कर्क, कन्या इन दो राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २७४

जिस-जिस समय में धन राशि पर राहू जब-जब कभी आवेंगे तब तब आमदनी के स्थान में आवश्यक पदार्थों के विषय में कुछ कमी व कुछ दिक्कतें पैदा करते हैं और यदि गुरुदेव, मकर या कन्या इन दो राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २७५

जिस-जिस समय में मकर राशि पर चन्द्र, बुद्ध, गुरु, राहू, केतू इन पांच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब खर्च के स्थान में कुछ दिक्कतें व कमजोरी पैदा करते हैं और यदि शनिदेव, कर्क, कन्या, मेष इन ३ राशियों में जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

# मीन लग्नान्तर भाग्योदय कारक, नवग्रह व समय फल

## मीन लग्न फलादेश नम्बर २७६

जिस-जिस समय में मीन लग्न वाले प्राणियों को ऊपर स्थित कुण्डली के अनुसार यह नवग्रह पंचांग गति की गोचर प्रणाली से जब-जब कभी एक ही समय में, प्राय: सभी ग्रह इस-इस प्रकार की राशियों में आवेंगे तब-तब ही मीन लग्न वाले प्राणियों का भाग्योदय विविध प्रकार से होता रहेगा।

सू०—वृष, सिंह, मकर, मेष इन ४ राशियों पर कहीं भी हों।

चं०—मीन, मेष, वृष, मिथुन, कर्क, कन्या, धन, मकर, इन राशियों पर कहीं भी हों।

मं०—मीन, मेष, वृष, मिथुन, सिंह, कन्या, वृश्चिक, मकर, धन इन राशियों पर कहीं भी हों।

बु०—मेष, वृष, मिथुन, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धन, मकर इन राशियों पर कहीं भी हों।

गु०—मीन, मेष वृष, मिथुन, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धन इन राशियों पर कहीं भी हों।

शु०—मीन, वृष, तुला, मकर इन राशियों पर कहीं भी हों।

श०—वृष, वृश्चिक, मकर इन राशियों पर कहीं भी हों।

रा०—मिथुन, कुम्भ इन दो राशियों पर कहीं भी हों।

के०—सिंह, धन इन दो राशियों पर कहीं भी हों।

अर्थात्—जिस-जिस साल, मास, पक्ष व दिनों में यह नवग्रह उपरोक्त-उपरोक्त राशियों में एक साथ जब-जब आवेंगे तब-तब ही भाग्यकारक व सुखकारक साबित होंगे किन्तु कोई भी ग्रह सूर्य से अस्त नहीं होना चाहिये क्योंकि उसका फल प्रबल नहीं होता है।

---

**नोट**—यदि राहू या केतू दोनों में से कोई भी जब-जब कभी मकर राशि पर आवेंगे तब-तब इस मीन लग्न वालों को धन के लाभ करने में सहयोग व सफलता देंगे किन्तु बुद्धि और संतान पक्ष में कुछ अशांति पैदा करेंगे।

## मीन लग्नांतर अनुकूल ग्रह-फलम

फलादेश नं० २७७

जिस-जिस समय में मीन राशि पर गुरु, शुक्र, मंगल, चन्द्र इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे, तब-तब देह को मान-सम्मान, प्रभाव, प्रतिष्ठा, गौरव, ऐश्वर्य, उन्नति, आत्मबल इत्यादि योग प्रदान करते हैं और यदि गुरु-देव, मीन, मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, धन वृश्चिक इन नौ, राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब ही कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २७८

जिस-जिस समय में मेष राशि पर गुरु, मंगल, बुद्ध, चन्द्र, सूर्य इन पांच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब धन स्थान की वृद्धि तथा कौटुम्बिक प्रभाव पैदा करते हैं और यदि मंगलदेव, कर्क, सिंह, तुला, कुम्भ इन चार राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश न० २७९

जिस-जिस समय में वृष राशि पर गुरु, बुद्ध, मंगल, शुक्र, चन्द्र इन पांच ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब भाई-बहन के स्थान में शक्ति पैदा करते हैं और बाहुबल के द्वारा किये हुये पुरुषार्थ की सफलता करते हैं और यदि शुक्रदेव, मिथुन, कर्क, वृश्चिक, धन, मकर, मीन, वृष इन सात राशियों में जब-जब कभी आवेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २८०

जिस-जिस समय में मिथुन राशि पर बुद्ध, चन्द्र, मंगल, गुरु इन चार ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब मातृस्थान में सुख, सफलता, स्फूर्ति, मान और शांति तथा मकान भूमि आदि की शक्ति, सुख प्रदान करते हैं और बुद्धदेव, मिथुन, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धन, मकर, वृष इन सात राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब भी कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश नं० २८१

जिस-जिस समय में वृश्चिक राशि पर गुरु, बुद्ध, चन्द्र इन ३ ग्रहों में से जब-जब कभी कोई आवेंगे तब-तब संतान पक्ष में वविद्या, बुद्धि और विवेक के संबंध में उन्नति व सुख सफलता प्रदान करते हैं और यदि चन्द्रदेव, कर्क, कन्या, धन, मकर, मीन, मेष, वृष, मिथुन इन आठ राशियों पर जब-जब कभी आवेंगे तब-तब कुछ अन्य विषयों के अतिरिक्त उपरोक्त विषयक फल भी प्रदान करते हैं।

फलादेश न० २८२

